आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–12 मार्च 2026 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज अयोध्या पहुंचे। उन्होंने आगामी उन्नीस मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की प्रस्तावित अयोध्या यात्रा को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और तैयारियों का जायजा भी लिया। एक रिपोर्ट–

यात्री सुविधा केन्द्र के सभागार में अधिकारियों के साथ हुई समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अयोध्या आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, साफ–सफाई, पार्किंग और अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा की। बैठक में चैत्र नवरात्रि और रामनवमी की तैयारियों की भी समीक्षा की गयी और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गये। गौरतलब है कि आगामी 19 मार्च को हिन्दी नौवर्ष के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु प्रभू श्रीराम की नगरी अयोध्या पहुंचेगी। यहां पर उनका श्रीराम मंदिर के द्वितीय तल पर श्रीराम यंत्र की स्थापना का कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस विशेष अनुष्ठान के लिए धार्मिक कार्यक्रम शुरू हो चुका है। एडीजी जोन प्रवीण कुमार ने बताया कि राष्ट्रपति की यात्रा के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जाएंगे। शहर में रूट डायवर्जन लागू रहेगा और सभी प्रवेश द्वारों पर सघन चेकिंग की जाएगी। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल असम के गुवाहाटी से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त जारी करेंगे। कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में यह जानकारी दी। उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से देश भर के लगभग नौ करोड़ बत्तीस लाख किसानों के बैंक खातों में अट्ठारह हजार छह सौ चालीस करोड़ रुपये अंतरित करेंगे। श्री चौहान ने किसानों के लिए एआई–आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म, 'भारत विस्तार' के पहले चरण के बारे में भी जानकारी दी।

किसान कल्याण के लिए हम लोगों ने सम्पूर्ण जानकारी के साथ एक ही एआई डिजिटल प्लेटफॉर्म बन जाए भारत विस्तार और इसलिए उसके प्रथम चरण को भी लांच किया है, जिसमें किसान को सारी जानकारी एक फोन कॉल पर भी उसकी भाषा में देने का काम किया जाएगा। पिछले वर्षों में हमने एमएसपी पर जो भी गेहूं, धान, कपास, दलहन, तिलहन की रिकॉर्ड खरीदी की है और किसान को सस्ते दामों पर खाद मिलना सुनिश्चित किया है।

****

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि उन्होंने हमेशा यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि सदन की कार्यवाही निष्पक्षता, अनुशासन, संतुलन और नियमों के अनुसार संचालित हो। विपक्ष द्वारा उनके निष्कासन की मांग वाले प्रस्ताव पर उन्होंने यह बयान दिया।

मेरा हमेशा ये प्रयास रहता है कि सदन की गरिमा, मर्यादा और प्रतिष्ठा में उतरोत्तर वृद्धि होती रहे। हमारे संविधान द्वारा स्थापित संसदीय लोकतंत्र की व्यवस्था में मेरा हमेशा अटूट विश्वास रहा है। पिछले दो दिनों में इस सदन ने लोकतंत्र की महत्वपूर्ण संसदीय प्रणाली को पूरा किया। इस चर्चा के दौरान अनेक विचार, अनेक दृष्टिकोण अनेक भावनाएं इस सदन के सामने रखी गई। मैने सदन के प्रत्येक माननीय सदस्यों की बात को गम्भीरता और ध्यान से सुना।

इससे पहले, लोकसभा ने कल अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने की मांग वाले विपक्ष के प्रस्ताव को ध्वनी मत से खारिज कर दिया था।

****

यूपी बोर्ड द्वारा दिए जाने वाले हाई स्कूल और इंटरमीडिएट के अंकपत्र में व्यापक बदलाव किया गया है। अब हाई स्कूल और इंटरमीडिएट के अंकपत्र नॉन–टियेरबल होंगे। इनमें लगभग सोलह सिक्यूरिटी फीचर होंगे। इस तरह अब किसी भी व्यक्ति द्वारा नकली मार्कशीट बनाना नामुमकिंन होगा। यूपी बोर्ड के सचिव ने बताया कि नये अंकपत्रों के अंदर एक खास तरह की कोडिंग की गयी है, जो सिर्फ बोर्ड के द्वारा ही देखी जा सकेगी और इससे जालसाजी पर रोक लगेगी।

****

रमजान के पाक महीने में कल राज्य भर के मस्जिदों में अलविदा जुमे की नमाज पढ़ी जाएगी। इसके लिए विशेष प्रबंध किए गये हैं। एक रिपोर्ट–

प्रदेश के सभी संवेदनशील स्थानों पर व्यापक संख्या में पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने पीस कमेटी की बैठक करके पर्व को धार्मिक सद्भाव के साथ मनाने की अपील की है। कई जगहों पर ड्रोन कैमरा से भी निगरानी की जाएगी। कई क्षेत्रों में नमाजियों की भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक डायवर्जन भी लागू किया गया है। मुमताज अली आकाशवाणी समाचार लखनऊ

****

मौसम विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की हल्की बढ़ोत्तरी, जबकि अगले बहत्तर घंटों में न्यूनतम तापमान में धीरे–धीरे दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी की संभावना व्यक्त की है। विभाग के मुताबिक आगामी पंद्रह और सोलह मार्च को कहीं कहीं वर्षा और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की भी संभावना है।

****